

कुंबले के पास कोचिंग का काफी अनुभव

कुंबले ने साल 2016–17 के बीच भारतीय टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी निभाई थी। तब सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली और वीवीएस लक्ष्मण की सलाहकार समिति ने उनको कोच नियुक्त करने का फैसला लिया था। विराट कोहली के चैंपियंस ट्राफी 2017 फाइनल में हुए विवाद के बाद कोच पद से कुंबले ने इस्तीफा दे दिया था। कुंबले के पास कोचिंग का काफी अनुभव है वह लंबे समय से इंडियन प्रीमियर लीग की टीमों के साथ जुड़कर काम कर रहे हैं। इस वक्त वह फ्रेंचाइजी टीम पंजाब किंग्स के मुख्य कोच के तौर पर काम कर रहे हैं। इससे पहले वह आरसीबी और मुंबई इंडियंस के साथ भी काम कर चुके हैं। वहीं वीवीएस इस वक्त सनराइजर्स हैदराबाद के मेंटोर के तौर पर काम कर रहे हैं।

## अनिल कुंबले दोबारा बन सकते हैं टीम इंडिया के हेड कोच!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच का कार्यकाल इस साल होने वाले टी20 विश्व कप के बाद खत्म होने जा रहा है। कोच रवि शास्त्री का करार इस टूर्नामेंट के बाद खत्म हो जाएगा और इसे बीसीसीआइ आगे बढ़ाने के पक्ष में भी नहीं दिख रही है। ऐसे में अब टीम का नया कोच कौन होगा इसको लेकर भी अटकलें लगाई जाने लगी है। जानकारी के मुताबिक पूर्व दो दिग्गजों को बोर्ड की तरफ से कोच के तोर पर देखा जा रहा है। पीटीआइ के मुताबिक पूर्व दिग्गज स्पिनर और टीम इंडिया को कोचिंग दे चुके अनिल कुंबले और पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण को कोच पद का उम्मीदवार माना जा रहा है। नाम ना बताने की शर्त पर सूत्र ने बताया, अनिल कुंबले ने जिस तरह से विदाई ली थी उसे सही करने की जरूरत है। CoA जैसे कप्तान विराट कोहली के दबाव में आई और उनको हटाया गया उससे बहुत ही गलत संदेश गया था। लेकिन यह पूरी तरह से इस बात पर निर्भर करता है कि क्या अनिल और लक्ष्मण इस काम को करने के लिए तैयार हैं।

# भारत का कोच होना आसान नहीं, वे आपको गोली मार देंगे

क्रिकेट

### अब रवि शास्त्री ने टी–20 वर्ल्ड कप के बाद कोच पद से हटने की ओर इशारा किया है



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री का कार्यकाल भारत की मेजबानी में होने वाले टी–20 वर्ल्ड कप–2021 के साथ ही खत्म हो जाएगा। शास्त्री इसके बाद टीम इंडिया के कोच का पद त्याग देंगे। इस ओर उन्होंने बड़ा इशारा किया है। शास्त्री का कहना है कि कोच के रूम में उन्होंने हर वो चीज पाई, जिसका सपना देखा था। दूसरी ओर, विराट कोहली ने भी हाल ही में ऐलान किया था कि टी–20 वर्ल्ड कप के बाद टी–20 टीम की कप्तानी छोड़ देंगे।

शास्त्री ने इंग्लिश अखबर द गार्जियन को दिए इंटरव्यू में इशारा करते हुए कहा– मैंने माइकल आथरटन से बात की थी और कहा था, मेरे लिए यह चरम है। मैंने कोच रहते हर वो चीज हासिल की, जिसे चाहता था। बता दें कि इंग्लैंड में चौंपियंस ट्रॉफी–2017 के बाद अनिल कुंबले ने कप्तान विराट कोहली से तनावपूर्ण रिश्ते के बाद हेड कोच पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद शास्त्री 2017 में टीम इंडिया का कोच बने थे। शास्त्री के कोच रहते टीम इंडिया आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल तक पहुंची थी।

**गिनाए अचीवमेंट्सः** उन्होंने अपनी अचीवमेंट गिनाते हुए कहा– 5 वर्ष तक टेस्ट रैंकिंग में टीम नंबर वन रही। ऑस्ट्रेलिया में दो बार टेस्ट सीरीज जीती। इंग्लैंड को इंग्लैंड में हराया। हमने हर क्रिकेट खेलने वाले देश को उसके घर में हराया। अगर हम टी–20 वर्ल्ड कप जीतते हैं तो सोने पर सुहागा होगा। हाल ही में खत्म हुई सीरीज में टीम इंडिया 2–1 से आगे थी। उन्होंने लॉर्ड्स और द ओवल में मिली जीत को बेहद महत्वपूर्ण बताया।

हेड कोच के तौर पर आलोचनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा– उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं है कि कोविड है या नहीं। वे चाहते हैं कि आप जीतें और रन बनाएं। उन्होंने आगे कहा– आप जानते हैं कि भारत का कोच होना ब्राजील या इंग्लैंड का फुटबॉल कोच होने जैसा है। आप हमेशा गन पॉइंट पर होते हैं। आपके पास छह बेहतरीन महीने हो सकते हैं और फिर आप 36 रन बनाकर आउट हो जाते हैं और वे आपको गोली मार देंगे। ऐसे में आपको तुरंत जीतना होगा। नहीं तो वे तुम्हें खा जाएंगे। हालांकि, मेरी चमड़ी मोटी है इसलिए मुझे फर्क नहीं पड़ता है।

लंदन में किताब के विमोचन कार्यक्रम में शामिल होने के कुछ दिन बाद शास्त्री कोरोना पॉजिटिव पाए गए और उनके साथ चार सहायक स्टाफ आईसोलेशन में गए।

# विराट कोहली को कप्तानी छोड़ने से पहले लेनी चाहिए थी सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव का कहना है कि विराट कोहली को टी20 विश्व कप के बाद टीम के टी20 प्रारूप की कप्तानी छोड़ने का फैसला लेने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और चयनकर्ताओं से बात करनी चाहिए थी। कोहली ने यह फैसला वर्कलोड मैनेज करने के लिए लिया जो उन पर पिछले पांच–छह वर्षों से था।

1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान कपिल ने कहा, 'इन दिनों क्रिकेटरों को खुद से फैसले लेते देखना थोड़ा हैरान करने वाला है। मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी को इस तरह के फैसले लेने से पहले चयनकर्ताओं और बोर्ड से बात करनी चाहिए। मुझे थोड़ा अजीब लग रहा है क्योंकि वह एक महान कप्तान और खिलाड़ी हैं। कोहली एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।'



फैसला वर्कलोड मैनेज करने के लिए लिया: विराट कोहली

कपिल ने कहा कि सभी को कोहली की ईमानदारी का पूरा सम्मान करना चाहिए। उन्होंने साथ ही कहा कि वह यह समझने में विफल रहे कि कोहली ने बोर्ड से सलाह क्यों नहीं ली।

कपिल ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें कोहली के इस फैसले के बारे में उनकी ईमानदारी का सम्मान करना चाहिए कि वह अब कप्तान नहीं रहना चाहते। महेंद्र सिंह धोनी ने भी ऐसा ही किया था। हालांकि, एक बोर्ड आमतौर पर एक खिलाड़ी को बताता है कि क्या करना है लेकिन आजकल खिलाड़ी अपना निर्णय खुद लेते हैं, मैं इसे समझने में विफल रहता हूं।'

## विश्व कप तक तो विराट कोहली हमारे कप्तान हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने गुरुवार 16 सितंबर को एक बड़ा फैसला लिया। आइसीसी टी20 विश्व कप के बाद उन्होंने इस फार्मेट में टीम इंडिया की कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी। विराट यह फैसला लेने वाले हैं इसकी जानकारी पहले से ही बाहर आ चुकी थी। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने कहा कि वह चाहते थे कि विराट टी20 की कप्तानी करते रहते। शार्दुल ने एक अंग्रेजी वेबसाइट से बात करते हुए कहा, ष्यह बहुत ही चौंकाने वाला था। मैं चाहता था कि काश वह आइसीसी टी20 विश्व कप के बाद भी टी20 टीम की कप्तानी करना जारी रखें, लेकिन पिछले कुछ सालों से उन्होंने यह काम भारत के लिए किया है। उनके लिहाज से अब टी20 की कप्तानी के लिहाज से भारत को आगे बढ़ने की जरूरत है। मुझे उनसे अब तक बात करने का कोई मौका नहीं मिला है। मैं उनको मिलकर टी20 टीम की कप्तानी करने के लिए बधाई देना चाहूंगा लेकिन तब जब कि हम विश्व कप जीत लेंगे। तब तक तो वहीं हमारे कप्तान हैं।

## न्यूज डायरी



### धोनी के सुपरकिंग्स और रोहित के इंडियंस में होगा घमासान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच रविवार को होने वाले मैच से इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के दूसरे चरण का आगाज होगा। इस टी30 लीग के जरिए खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप से पहले यूएई की परिस्थितियों को समझने का भी मौका मिलेगा। भारत में कोविड–19 की दूसरी लहर के कारण आईपीएल को मई में बीच में ही स्थगित करना पड़ा था। उस समय तक टूर्नामेंट के 29 मैच ही हो पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड अब ऐसी किसी स्थिति से बचने के लिए प्रार्थना कर रहा होगा। बीसीसीआई को आईपीएल के दूसरे चरण के आयोजन के लिए कार्यक्रम तय करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। ऐसे में इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम में कोविड–19 के मामले पाए जाने से बीसीसीआई की भी सांसे फूलने लगी थी लेकिन यह बड़ा मुद्दा नहीं बना तथा भारत और इंग्लैंड के जिन खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलना है वे सुरक्षित यहां पहुंच गए। पिछले वर्ष पूरा आईपीएल यूएई में खेला गया था और तब किसी तरह की परेशानी नहीं हुई थी।

### आईपीएल में पहला मैच गंवाने के बाद खिताब जीतने में मुंबई है नंबर वन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब सबसे ज्यादा बार जीतने में मुंबई इंडियंस की टीम पहले नंबर पर हैं। साल 2013 में रोहित शर्मा के कप्तान बनने के बाद इस टीम ने जो रफ्तार पकड़ी वो तारीफ के काबिल है और पिछले सीजन यानी साल 2020 में भी इस टीम ने यूएई में ये कमाल किया था। एक बार फिर से आइपीएल का कारवां यूएई पहुंच चुका है और मुंबई की टीम की कोशिश होगी कि, वो अपनी पिछली सफलता को फिर से वहां पर दोहराने में कामयाबी हासिल करें। मुंबई की टीम ने पांच सीजन में आइपीएल खिताब अब तक जीते हैं और हर बार उनकी शुरुआत हार के साथ हुई। यानी वो जब भी विजेता बने उस सीजन का पहला मैच उन्होंने गंवाया। मुंबई ने साल 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताबी जीत हासिल की, लेकिन हर सीजन में अपना पहला मैच हारे। मुंबई के अलावा इस लीग की कुछ अन्य टीमें भी ऐसी हैं जो सीजन का पहला मैच हारने के बाद खिताब जीतने में सफल रहे।

### पूर्व दिग्गज ने उठाया विराट कोहली के फैसले पर सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने आइसीसी विश्व कप के बाद इस फार्मेट की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने गुरुवार 16 सितंबर को सोशल मीडिया पर यह जानकारी सबके साथ साझा की। उनके इस फैसले के सभी हैरान हैं पूर्व भारतीय आलराउंडर इरफान पठान ने विराट के इस फैसले पर सवाल उठाया है। उनका कहना है कि विश्व कप से पहले ऐसा फैसला लेना सही नहीं। इरफान ने कहा, ष्जिस समय यह घोषणा की गई मेरे लिए तो वह बिल्कुल चौंकाने वाला रहा क्योंकि आप आमतौर पर ऐसे फैसले टूर्नामेंट खत्म होने के बाद लेते हैं। मैं तो यह बात सोचकर हैरान हूं कि क्या होगा हम जाकर टी20 विश्व कप जीत लेते हैं। वह एक बहुत ही अच्छे कप्तान हैं और हमने टेस्ट क्रिकेट में देखा है कि एक कप्तान के तौर पर वह क्या कर सकते हैं।

### आईपीएल के पांच सीजन में डेथ ओवर्स में धौनी ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2021 सीजन के दूसरे हिस्से की शुरुआत रविवार से यूएई में होगी और पहले मैच में एम एस धौनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रोहित शर्मा की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस के साथ होगी। तीन बार की चौंपियन सीएसके और पांच बार खिताब जीत चुकी मुंबई की टीम बेहद दमदार है और क्रिकेट फैंस को एक रोमांचक मैच देखने को मिलेगा। दोनों टीमों की बल्लेबाजी भी शानदार है और इस पर सबकी निगाहें रहने वाली हैं कि कौन बल्लेबाज सबसे ज्यादा अपना दम दिखा पाता है।